भरत झा, निदेशक, नगरपालिका प्रशासन–सह–अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, दिनांक 19.07.2018 को नगर पंचायत मोतीपुर जिला मुजफ्फपुर का भ्रमण कार्यक्रम संबंधी प्रतिवेदन :–

1. <u>मुख्यमंत्री गली–नली पक्कीकरण निश्चय योजना</u> – इस योजना में 2017–18 में 10 का टेन्डर हुआ था। 8 का Agreement हुआ जो पूर्ण हो गया। 2 का टेन्डर हो गया है। Agreement नहीं हुआ है।

2018–19 में 15 योजना का टेन्डर हुआ 8 का Agreement हुआ तथा 7 का Agreement अभी नहीं हुआ है। कुल 15 वार्डों के 23 योजनाओं के लिए निविदा प्रकाशित हुआ जिसमें 16 योजनाओं का एकरानामा किया गया। कुल 11 योजनाओं में कार्य प्रारंभ किया गया जिसमें अबतक 8 योजनाएँ पूर्ण की गई है। निम्नाकित योजनओं का निरीक्षण मेरे द्वारा किया गयाः–

1. मोतीपुर नगर पंचायत वार्ड नं0 01 में पुरानी बाजार दशरथ ठाकुर के घर से लेकर रेलवे लाईन तक पी0सी0सी0 कार्य **प्रथम द्रष्टव्या कार्य संतोषजनक**
2. मोतीपुर नगर पंचायत वार्ड नं0 03 जग्रनाथ महतो के घर हाते हुए विन्देश्वर महतो के दरवाजे तक मिट्टी भराई एवं पी0सी0सी0 कार्य **प्रथम द्रष्टव्या कार्य संतोषजनक**
3. मोतीपुर नगर पंचायत वार्ड नं0 02 में नरपत रय के घर से लेकर बरूराज रोड बजरंग वाली चौक तक पी0सी0सी0 कार्य **प्रथम द्रष्टव्या कार्य संतोषजनक**
4. **मोतीपुर नगर पंचायत वार्ड नं0 05 जियालाल राय के घर से गौरीशंकर साह के घर तक पक्कीकरण एवं नाला निर्माण कार्य के स्थल जाँच में पाया गया कि सड़क के पक्कीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। नाला निर्माणाधीन है। निरीक्षण के समय नाला का ढलाई हो रहा था जिसमें उपयोग में लाये जा रहे ईंट की गुणवता बहुत ही निम्नस्तर का था। एक ईंट के दूसरे ईंट पर गिराने पर ईंट टुकड़ा टुकड़ा हो गया। जिस चिप्स का उपयोग हो रहा था वह भी ईंटे के रंग का था। मैंने इस तरह का चिप्स नहीं देखा था। ढलाई के मसाले का मिश्रण भी निम्नस्तर का था। उपस्थित लोगों ने बताया कि इसी तरह के ईंट का प्रयोग पूरी लम्बाई में किया गया है। सेंटरिंग ठीक से नहीं करने के कारण नाले के दिवाल में कई जगह Honeycomb जैसे हो गया था। कुल मिलाकर यह कार्य निम्नस्तर का हो रहा था। कार्यपालक पदाधिकारी को उसे तुरन्त वंद कराने का निदेश दिया गया कनीय अभियंता (श्री प्रमोद कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग से सेवा प्राप्त एवं संविदा पर) के कमजोर पर्यवेक्षण के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। अतएव उनसे कारण पृच्छा किया जा सकता है। निर्माणाधीन नाले को** Dismantle **कर नये सिरे से निर्माण का आदेश दिया जाना आवश्यक है।**

2. <u>मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना :–</u> कुल 10 निविदत्त योजना के विरूद्ध प्रारंभ किये गये 8 योजना में से 2 योजना पूर्ण बताया गया। वार्ड नं0 1 में जाकर योजना की जाँच की। ब्रम्हस्थान जमुनिया में मात्र बोरींग

पत्र 23 JUL 2018 प्राप्ति तिथि
पत्र पंजी 24 JUL 2018 8101 संख्या

गाड़ा गया है। पाइप पूर्ण रूप से नहीं विछाया गया है। दलित वस्ती में पाया गया कि पाइप को घर के बाहर क्लीप से खड़ा कर दिया गया है। किसी के घर के अंदर तक Connection नहीं दिया गया है। इससे योजना के उद्देय की प्रप्ति नहीं हो रहा है। बोरिंग भी चालू नहीं है। इस प्रकार योजना अपूर्ण ही है।

3. **सबके लिए आवास योजना –** वार्ड नं0 1 में दलित टोला के श्री विनोद दास पिता शंभु दास को सबके लिए आवास योजना में आवास स्वीकृत हुआ है जिन्हे अब तक 2 किस्तों में ₹1.50 लाख भुगतान हुआ है, छत ढलाई हो चुका है। प्लास्टर बाकी है। शौचालय बना है। यही स्थिति श्री दिनेश राम पिता स्व0 विपत राम के घर का है।

चिन्ता देवी पति श्री विलास राम एवं फुल कुमारी देवी पति स्व0 गणेश राम को इस योाजना में अबतक प्रथम किस्त के रूप में ₹50,000 का भुगतान हुआ है। दोनो के द्वारा लगभग 3 फीट 6 ईंच ऊँचाई में कार्य किया गया है जिन्हे कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया।

इस नगर पंचायत के भ्रमण में यह जानकारी प्राप्त हुई कि नगर पंचायत के द्वारा एक जे0सी0बी0, एक हाइवा एवं एक ट्रैक्टर का क्रय पूर्व में किया गया है जिसे भाड़े पर चलाया जाता है परंतु उससे होने वाली आय का कोई लेखा जोखा नहीं है। इससे संबंधित कागजात संबंधित कर्मी के अवकाश में रहने के कारण उपलब्ध नहीं कराया जा सका। वर्तमान में पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी को इसकी जांच कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निदेश दिया गया।

(भरत झा)
निदेशक, नगरपालिका
–सह–अपर सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना ।

ज्ञापांक – 35 /न0वि0एवं आ0वि0/पटना, दिनांक 23/7/2018

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा –2 नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवाश्यक कार्रवाई हेतु प्रषित।

(भरत झा) 23/7/18
निदेशक, नगरपालिका
–सह–अपर सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना ।